# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

20 अप्रैल 2026

सोमवार




बक्सर में गैस आपूर्ति पर प्रशासन की सख्ती, कालाबाजारी पर शिकंजा

2



## एक नजर

### कर्नाटक में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**विजयनगर।** कर्नाटक के विजयनगर जिले में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत होने की आशंका है और कई लोग घायल हो गए हैं। यह दुर्घटना शनिवार सुबह नेशनल हाईवे-50 पर होस्पेट तालुक के दानापुर के पास हुई। पुलिस के अनुसार, हादसा एक छोटे टक्कर से शुरू हुआ, लेकिन देखते ही देखते बड़ा हादसा बन गया। तेज रफ्तार में आ रहा लहसुन से भरा एक ट्रक पहले एक बाइक से टकराया, फिर बस और कार से भिड़ गया और बाद में पलट गया। हादसे के दौरान ट्रक कार के ऊपर गिर गया और उसे करीब 100 मीटर तक घसीटता चला गया। कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत होने की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रक चालक लहसुन लेकर चित्रदुर्ग की ओर जा रहा था और तेज गति के कारण वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ।

### मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए विपक्ष की नई तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत में चुनावी व्यवस्था से जुड़ा बड़ा राजनीतिक विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए नया प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, कई विपक्षी पार्टियों के नेता इस मुद्दे पर एक साथ बातचीत कर रहे हैं और नई नोटिस तैयार की जा रही है। इस पहल में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और डीएमके समेत कई दलों के कम से कम पांच वरिष्ठ सांसद शामिल बताए जा रहे हैं। विपक्ष का लक्ष्य इस बार ज्यादा समर्थन जुटाने का है और करीब 200 सांसदों के हस्ताक्षर हासिल करने की कोशिश हो रही है, ताकि मजबूत दबाव बनाया जा सके। विपक्ष का कहना है कि इससे पहले भी जो नोटिस दिए गए थे, उन्हें खारिज कर दिया गया था, लेकिन अब वे इस मुद्दे को और मजबूती से उठाना चाहते हैं।

## होर्मुज पर ईरान की सख्ती, 'भाग्य लक्ष्मी' समेत दो भारतीय जहाजों को लौटना पड़ा

- ईरान ने होर्मुज में दो भारतीय टैंकरों को रोका।
- भाग्य लक्ष्मी' और 'सैनमार हेराल्ड' को वापस लौटना पड़ा।
- भारत ने नाविकों की सुरक्षा पर गंभीर चिंता जताई

**एजेंस। नई दिल्ली**

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बढ़ते तनाव के बीच भारतीय जहाजों को रोके जाने का मामला सामने आया है। ईरान की नौसेना ने 'भाग्य लक्ष्मी' समेत दो भारतीय टैंकरों को आगे बढ़ने से रोक दिया, जिसके बाद उन्हें वापस लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार, 'भाग्य लक्ष्मी' नाम का भारतीय झंडे वाला टैंकर जब होर्मुज से गुजरने की कोशिश कर रहा था, तब ईरानी नौसेना ने उसे अनुमति देने से इनकार कर दिया। जहाज के क्रू ने रेडियो के जरिए संपर्क कर रास्ता देने की अपील की, लेकिन उन्हें तुरंत वापस लौटने के लिए कहा गया। एक वीडियो में क्रू मेंबर को यह कहते सुना गया कि 'हम साफ-साफ सुन रहे हैं', जबकि जवाब में ईरानी नौसेना ने कहा कि जहाज तुरंत लौट जाए। इसी दौरान 'सैनमार हेराल्ड' नाम के एक अन्य तेल टैंकर से भी संकट का संदेश मिला। जहाज के एक सदस्य ने बताया कि पहले उन्हें आगे बढ़ने की अनुमति दी गई थी, लेकिन बाद में अचानक गोलीबारी शुरू हो गई और उन्हें वापस लौटने को कहा गया। सूत्रों के मुताबिक, दोनों भारतीय जहाजों पर ईरानी गनबोट्स ने फायरिंग की, हालांकि इस घटना में किसी को चोट नहीं आई और जहाजों को कोई नुकसान नहीं हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, कई जहाजों को रेडियो संदेश के जरिए बताया गया कि उन्हें होर्मुज से गुजरने की अनुमति नहीं है, जबकि कुछ जहाजों ने गोलीबारी की भी सूचना दी।इस घटना के बाद भारत ने जहाजों और नाविकों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान पहले भी भारत जाने वाले जहाजों को सुरक्षित रास्ता दिलाने में मदद करता रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने ईरान के राजदूत से मुलाकात कर भारत की चिंता जाहिर की और कहा कि भारतीय जहाजों के लिए सुरक्षित रास्ता जल्द बहाल किया जाए। ईरान के राजदूत ने आश्वासन दिया कि भारत की बात को उनके देश की सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

### ईरान की चेतावनी

ईरान के एक वरिष्ठ प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा कि भारत और ईरान के संबंध मजबूत हैं और इस मामले का समाधान निकाला जाएगा। हालांकि उन्होंने इस घटना की जानकारी नहीं होने की बात भी कही। बाद में ईरान की सेना ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य अब सख्त नियंत्रण में है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने चेतावनी दी कि इस क्षेत्र में आने वाले जहाजों को दुश्मन के समर्थन के रूप में देखा जा सकता है और उन पर कार्रवाई की जा सकती है।

## महिलाओं को न्याय दिलाएगी सरकार : गृह मंत्री शाह

**एजेंसी। इरोड**

तमिलनाडु के इरोड में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस और डीएमके पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों ने लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल का विरोध करके देश की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों की वजह से संसद और विधानसभा में महिलाओं को उनका हक मिलने में देरी हो रही है। अमित शाह ने भरोसा दिलाया कि नरेंद्र मोदी की सरकार इस साजिश को सफल नहीं होने देगी और महिलाओं को न्याय जरूर दिलाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को राजनीति में ज्यादा भागीदारी दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। चुनावी सभा के दौरान अमित शाह ने तमिलनाडु की राजनीति पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर एआईएडीएमके और भाजपा की सरकार बनती है, तो राज्य में भ्रष्टाचार खत्म किया जाएगा और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा।

## विरुधुनगर पटाखा फैक्ट्री में भीषण हुआ विस्फोट

# तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका में 18 लोगों की मौत



- हादसे में 18 लोगों की मौत हुई
- 6 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए

**एजेंस। नई दिल्ली**

तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में 1 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, मलबे में अभी भी कई लोगों के फंसे होने की आशंका है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह विस्फोट फैक्ट्री के अंदर अचानक हुआ, जिसके बाद तेज धमाकों की आवाज दूर-दूर तक सुनी गई। विस्फोट इतना जोरदार था कि फैक्ट्री का एक बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया और आग तेजी से फैल गई।तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 6 से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गए।

### राहत और बचाव कार्य जारी

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने का काम जारी है। शुरूआती जांच में माना जा रहा है कि पटाखा बनाने के दौरान सुरक्षा मानकों में लापरवाही या केमिकल के गलत हैंडलिंग के कारण यह विस्फोट हो सकता है। हालांकि, घटना के असल कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।प्रशासन ने घटना पर संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही फैक्ट्री में सुरक्षा नियमों के पालन की भी जांच की जा रही है। तमिलनाडु में विरुधुनगर और शिवकाशी क्षेत्र पटाखा उद्योग के लिए जाना जाता है, लेकिन यहां पहले भी कई बार इस तरह के हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है।

### सीएम स्टालिन ने हादसे पर जताया दुख

तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने हादसे पर दुख जाहिर किया है। कट्टानापट्टी में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में कई लोगों की मौत की खबर से गहरा दुःख हुआ है। इस त्रासदी से उन्हें अत्यंत पीड़ा पहुंची है और उन्होंने जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं. मुख्यमंत्री ने संबंधित मंत्रियों केकेएसएसआर. रामचंद्रन और थंगम थेन्नरासु को तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्यों की निगरानी करने तथा प्रभावित परिवारों को सांत्वना देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी से संपर्क कर सभी आवश्यक सहायता के तालमेल का भी निर्देश दिया है।

## प्रोटोकॉल तोड़ जनता के बीच पहुंचे पीएम मोदी ने लिया झालमुड़ी का स्वाद

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में चुनावी रैली खत्म कर लौट रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने काफिले को अचानक सड़क किनारे एक झालमुड़ी की दुकान पर रुकवा दिया। पीएम मोदी ने न केवल वहां झालमुड़ी के स्वाद का लुत्फ उठाया, बल्कि दुकानदार विक्रम साह से बात भी की। मूल रूप से बिहार के गया जिले के रहने वाले विक्रम साहू पिछले 12 वर्षों से झाड़ग्राम में अपनी दुकान सजा रहे हैं। उनके लिए यह किसी सपने जैसा था। विक्रम ने बताया कि प्रधानमंत्री ने गाड़ी से उतरकर सीधे उनकी दुकान का रुख किया और सहज भाव से कहा कि बढ़िया झालमुड़ी बनाओ। विक्रम ने मिर्च, मसाले और अचार के



मेल से पीएम के लिए खास झालमुड़ी तैयार की। स्वाद चखने के बाद प्रधानमंत्री ने मुस्कराते हुए कहा, 'बढ़िया बना है।' मूल रूप से बिहार के गया जिले के रहने वाले विक्रम साहू पिछले 12 वर्षों से झाड़ग्राम में अपनी दुकान सजा रहे हैं। उनके लिए यह किसी सपने जैसा था। विक्रम ने बताया कि प्रधानमंत्री ने गाड़ी से उतरकर सीधे उनकी दुकान का रुख किया और सहज भाव से कहा कि बढ़िया झालमुड़ी बनाओ। विक्रम ने मिर्च, मसाले और अचार के मेल से पीएम के लिए खास झालमुड़ी तैयार की। स्वाद चखने के बाद प्रधानमंत्री ने मुस्कराते हुए कहा, 'बढ़िया बना है।' पीएम मोदी वहां केवल स्वाद तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने दुकान के पास खड़े छोटे बच्चों को अपने पास बुलाया और उन्हें अपने हाथों से झालमुड़ी खिलाई।

## छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र में पारा 45 के पार उत्तर भारत में कहीं लू तो कहीं बारिश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के अनेक शहरों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। सबसे अधिक गर्मी छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव और महाराष्ट्र के वर्धा में पड़ी, जहां पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।इन दोनों शहर देश के सबसे गर्म स्थानों के रूप में जगह बनाई। टॉप-10 सबसे गर्म शहरों की सूची में मध्य प्रदेश के रतलाम और उमरिया भी शामिल रहे। रतलाम में तापमान 44ꣳ जबकि उमरिया में 43.8ꣳ रिकॉर्ड किया गया। तीव्र गर्मी को देखते हुए छत्तीसगढ़ के 13 जिलों में स्कूलों का समय बदल दिया गया है। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में अधिकतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की धीरे-धीरे बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है, जबकि उत्तर-पश्चिम भारत के बाकी हिस्सों में कोई खास बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। पूर्वी भारत में, अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे इस क्षेत्र में गर्मी का मौजूदा दौर जारी रहने का संकेत मिलता है। पूर्वोत्तर राज्यों में भी इस दौरान बारिश होने की संभावना है,







# डुमरांव के ऐतिहासिक पुस्तकालय में सहेजी जाएंगी विरासत की धरोहरें

- **डीएम साहिला ने गांधी साहित्य परिषद व राजगढ़ परिसर का किया निरीक्षण, दुर्लभ पांडुलिपियों के डिजिटाइजेशन पर दिया जोर**




**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल शुरू कर दी है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "ज्ञान भारतम मिशन" के तहत जिलाधिकारी साहिला ने नगर के राजगढ़ स्थित गांधी साहित्य परिषद पुस्तकालय का निरीक्षण किया और वहां संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों तथा प्राचीन दस्तावेजों को डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित करने की आवश्यकता बताई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में रखी लगभग सौ वर्ष पुरानी पुस्तकों, हस्तलिखित पांडुलिपियों और ऐतिहासिक अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की धरोहरें केवल स्थानीय इतिहास ही नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा की अमूल्य संपत्ति हैं। इनके संरक्षण और डिजिटाइजेशन से आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और परंपराओं को समझने का अवसर मिलेगा। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नामित सर्वेयरों के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक लोगों को "ज्ञान भारतम मिशन" एप के माध्यम से पांडुलिपियों के संरक्षण अभियान से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अनेक परिवारों तथा संस्थानों के पास पुराने ग्रंथ, पत्र, दस्तावेज और हस्तलिखित सामग्री मौजूद हैं, जिन्हें समय रहते सुरक्षित करना जरूरी है। ज्ञात हो कि प्रत्येक प्रखंड में दो-दो पांडुलिपि सर्वेयर नियुक्त किए गए हैं। डुमरांव प्रखंड में समाजसेवी राजीव रंजन सिंह और शिक्षक पूणानंद मिश्रा को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षण के क्रम में सर्वेयर राजीव रंजन सिंह ने डुमरांव राज परिवार की ओर से उपलब्ध कराए गए प्रथम विश्व युद्ध काल में महाराज सर केशव प्रसाद को प्राप्त प्रशस्ति पत्र की जानकारी दी, जिसे स्वीकृति के बाद मिशन एप पर अपलोड किया गया है। वहीं सर्वेयर पूणानंद मिश्रा ने वर्षों पुराने हस्तलिखित मंत्रों का संग्रह जिलाधिकारी को दिखाया। जिलाधिकारी ने इसे विशेष महत्व का बताते हुए सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे दस्तावेज भारतीय परंपरा, धार्मिक आस्था और सामाजिक इतिहास के महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं। पुस्तकालय निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने राजगढ़ परिसर स्थित करीब 350 वर्ष पुराने हनुमान मंदिर तथा वर्ष 1824 में निर्मित बांके बिहारी मंदिर का भी भ्रमण किया। उन्होंने मंदिरों की स्थापत्य कला, संरचना और धार्मिक महत्व की जानकारी ली तथा पूजा-अर्चना भी की। इस अवसर पर डुमरांव राज परिवार के महाराज शिवांग विजय सिंह, महाराज कुमार मानविजय सिंह, महाराज कुमार सुमेर विजय सिंह, अनुमंडलाधिकारी राकेश कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विनीत कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डुमरांव स्टेशन पर सुविधाओं व ट्रेनों के ठहराव को लेकर उठी आवाज, रेल लाइन निर्माण तेज करने की मांग

**डुमरांव।** बलिया-डुमरांव-डिहरी रेल लाइन निर्माण संगठन समिति की बैठक रविवार को स्थानीय नगर स्थित एक सभागार में आयोजित की गई। बैठक में डुमरांव रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की कमी, ट्रेनों के सीमित ठहराव तथा लंबित रेल परियोजनाओं को लेकर चिंता जताई गई। समिति के सदस्यों ने केंद्र सरकार और रेलवे प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

बैठक की अध्यक्षता अरविंद कुमार उर्फ रमेश गुप्ता ने की, जबकि संचालन उमेश गुप्ता रौनियार ने किया। अध्यक्षीय संबोधन में अरविंद कुमार ने कहा कि डुमरांव रेलवे स्टेशन पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण स्टेशन है, जो आरा और बक्सर के बीच अच्छा राजस्व देता है, इसके बावजूद यहां अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि स्टेशन के विकास को लेकर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। समिति के सदस्यों ने रेल मंत्री, महाप्रबंधक हाजीपुर तथा मंडल रेल प्रबंधक दानापुर से बलिया-डुमरांव-डिहरी रेल लाइन निर्माण कार्य को जल्द स्वीकृति देने की मांग की। साथ ही स्टेशन परिसर में वाहन स्टैंड पर सरकारी दर सूची बोर्ड लगाने, प्लेटफार्म पर शुद्ध पेयजल, पंखे, यात्रियों के लिए पर्याप्त शेड तथा पुराने पुल की चौड़ाई बढ़ाने की मांग रखी गई। बैठक में अमृत भारत योजना के तहत डुमरांव स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने और पावर ग्रिड द्वारा निर्मित शौचालय को शीघ्र चालू कराने की भी मांग उठी।

# बक्सर में गैस आपूर्ति पर प्रशासन की सख्ती, कालाबाजारी पर शिकंजा



- **27 एजेंसियों से हो रही आपूर्ति, 1,111 शिकायतों में 1,056 का निपटारा, शादी-श्राद्ध के लिए अलग व्यवस्था लागू**

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और कालाबाजारी रोकने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि बक्सर जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनियों के अंतर्गत कुल 27 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर पहुंचाया जा रहा है। प्रशासन ने साफ किया है कि अफवाह फैलाने वालों और जमाखोरी करने वालों पर त्वरित कार्रवाई होगी। जिले में इंडियन ऑयल की 13, भारत पेट्रोलियम की 6 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 8 एजेंसियां संचालित हैं। घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या भी बड़ी है। इंडियन ऑयल के 2 लाख 2 हजार 360, भारत पेट्रोलियम के 57 हजार 517 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 90 हजार 668 उपभोक्ता हैं। 13 मार्च 2026 से 18 अप्रैल 2026 तक जिले में कुल 1 लाख 72 हजार 693 गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा चुका है। वहीं 18 अप्रैल तक एजेंसियों के पास 2 हजार 835 सिलेंडर का भंडार शेष बताया गया है। जिले में प्रतिदिन औसतन 6 हजार 419 सिलेंडर की मांग है, जबकि प्रतिदिन औसतन 5 हजार 594 सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है। वर्तमान में 26 हजार 544 रीफिल बुकिंग लंबित हैं, जिससे लगभग 4.7 दिनों का बैकलॉग बना हुआ है। प्रशासन ने वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए स्पष्ट नियम लागू किया है। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अंतिम सिलेंडर डिलीवरी के 25 दिन बाद तथा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 45 दिन बाद नया सिलेंडर बुक कराने की अनुमति दी गई है। इससे अनावश्यक बुकिंग और कृत्रिम संकट पर रोक लगेगी।एलपीजी गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए सभी एजेंसियों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी के निर्देश पर वरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी लगातार एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर रहे हैं। जो प्रतिष्ठान गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या अवैध भंडारण में पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अब तक जमाखोरी और कालाबाजारी के मामलों में बक्सर सदर अनुमंडल क्षेत्र में दो प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। 18 अप्रैल को जिले में 30 गैस एजेंसियों और अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण भी किया गया।

जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन ने नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। गैस आपूर्ति से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए लोग दूरभाष संख्या 06183-223333 पर संपर्क कर सकते हैं। 18 अप्रैल तक नियंत्रण कक्ष में कुल 1 हजार 111 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1 हजार 56 शिकायतों का त्वरित निपटारा कर दिया गया है, जबकि शेष मामलों पर कार्रवाई जारी है। जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर भी कड़ी नजर रखी है। चेतावनी दी गई है कि गैस, पेट्रोलियम पदार्थ या आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता को लेकर भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। शादी-विवाह और श्राद्ध जैसे आयोजनों के लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडर की अलग व्यवस्था की गई है। रसोइया और कैटरर्स को पंजीकरण कराना होगा। जिस परिवार में विवाह है, उसे शादी कार्ड के साथ संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देना होगा, जिसमें सिलेंडरों की आवश्यकता और मेहमानों की संभावित संख्या बतानी होगी।

# एक क्लिक में खाली हुआ खाता: बैलेंस चेक के बहाने साइबर ठगों ने उड़ाए 95 हजार

- **कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियाव गांव की घटना, मोबाइल कॉल के बाद खाते से रकम गायब, पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी**



**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

साइबर अपराधियों ने अब ग्रामीण इलाकों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियाव गांव में बैलेंस चेक कराने के नाम पर एक व्यक्ति के बैंक खाते से 95 हजार रुपये उड़ा लिए गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार में हड़कंप मच गया। मामले में स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार अरियाव गांव निवासी हरे कृष्ण प्रसाद के मोबाइल पर आठ मार्च को एक अज्ञात नंबर 9953813909 से कॉल आया। उस समय उनका बेटा मोबाइल चला रहा था। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक से जुड़ा बताकर खाते का बैलेंस चेक करने को कहा। जैसे ही मोबाइल पर बैलेंस देखा गया, खाते से 95 हजार रुपये निकाले जाने की जानकारी सामने आई। रकम कटते ही परिवार के होश उड़ गए।

पीड़ित ने बताया कि उनका खाता डुमरांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में है। खाते से अचानक इतनी बड़ी राशि गायब होने के बाद उन्हें समझ में आया कि वे साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं। इसके बाद उन्होंने तुरंत कृष्णाब्रह्म थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

थाने में दिए आवेदन के आधार पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस संबंधित मोबाइल नंबर, बैंक ट्रांजैक्शन और कॉल डिटेल्स के आधार पर मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि साइबर ठग लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को जाल में फंसा रहे हैं।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल पर बैंक खाता, ओटीपी, एटीएम नंबर या बैलेंस संबंधी जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति बैंक अधिकारी बनकर फोन करे तो पहले उसकी सत्यता जांच लें। किसी भी संदिग्ध कॉल या ऑनलाइन लेनदेन की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाना से संपर्क करें।

ग्रामीण क्षेत्र में हुई इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि साइबर अपराधी अब गांवों तक अपनी पहुंच बना चुके हैं और सतर्कता ही इससे बचने का सबसे बड़ा हथियार है।

# पेप्सी प्लांट व कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा का अभ्यास, मॉकड्रिल से दिया गया सतर्कता का संदेश

- **डुमरांव अग्निशामालय की पहल, पदाधिकारी शिखा कुमारी बोलीं— आपदा में घबराहट नहीं, सजगता ही सबसे बड़ा बचाव**




**केटी न्यूज/डुमरांव**

अग्नि सुरक्षा सप्ताह के छठे दिन डुमरांव अग्निशामालय द्वारा क्षेत्र के औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं कोचिंग संस्थानों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाते हुए निकासी अभ्यास और मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान नवानगर स्थित पेप्सी प्लांट में विशेष रूप से सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित निकासी का अभ्यास कराया गया।

मॉकड्रिल के दौरान प्लांट में कार्यरत मजदूरों, कर्मचारियों एवं अन्य कर्मियों को बताया गया कि यदि किसी प्रकार की आगजनी, गैस रिसाव या अन्य दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न हो जाए तो घबराने के बजाय तुरंत अपना कार्य छोड़कर निर्धारित असेम्बली प्वाइंट पर एकत्रित हों। इससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल गए हैं या नहीं।

कार्यक्रम का नेतृत्व अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी डुमरांव शिखा कुमारी ने किया। उन्होंने कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्रों के उपयोग, प्राथमिक बचाव उपायों, आपदा के समय संयम बनाए रखने तथा सामूहिक सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मॉकड्रिल के दौरान कई कर्मचारियों ने स्वयं अग्निशमन यंत्र का प्रयोग कर आग बुझाने का अभ्यास भी किया।

अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी शिखा कुमारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों, फैक्ट्रियों और कोचिंग संस्थानों में बड़ी संख्या में लोग एक साथ मौजूद रहते हैं। ऐसे स्थानों पर यदि कभी दुर्घटना होती है तो समय पर सही निर्णय और व्यवस्थित निकासी कई जिंदगियां बचा सकती है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल मॉकड्रिल कराना नहीं, बल्कि लोगों में सुरक्षा के प्रति व्यवहारिक समझ विकसित करना है।

उन्होंने आगे कहा कि अक्सर हादसों के समय लोग घबरा जाते हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है। यदि पहले से प्रशिक्षण हो और सभी को अपनी जिम्मेदारी का पता हो तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसी सोच के साथ अग्निशमन विभाग लगातार विभिन्न संस्थानों में पहुंचकर प्रशिक्षण दे रहा है।

जिला अग्निशमन पदाधिकारी सुबास कुमार सिंह के निर्देश पर आयोजित इस अभियान को कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने सराहा। लोगों ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए, ताकि किसी भी आपदा के समय लोग खुद को और दूसरों को सुरक्षित निकाल सकें।

डुमरांव अग्निशामालय की इस पहल ने यह संदेश दिया कि सुरक्षा केवल नियमों से नहीं, बल्कि तैयारी और जागरूकता से सुनिश्चित होती है।






# डुमरांव में भगवान परशुराम जयंती पर मंदिर निर्माण व प्रतिमा स्थापना की उठी मांग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल क्षेत्र के राजगढ़ चौक स्थित परशुराम चाणक्य विचार मंच कार्यालय में रविवार को भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की गई तथा सामूहिक आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनाथ तिवारी ने भगवान परशुराम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका अवतार अन्याय, अधर्म और पाप के विनाश के लिए हुआ था। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है और उनमें शौर्य, तपस्या तथा धर्म रक्षा का अद्भुत संगम दिखाई देता है।

कार्यक्रम के दौरान मंच की ओर से कई महत्वपूर्ण मांगें भी उठाई गईं। वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम की जीवनी को कक्षा एक से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी उनके आदर्शों और योगदान से परिचित हो सके।

इसके साथ ही अनुमंडल क्षेत्र में खाली पड़ी सरकारी अथवा उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने की मांग की गई, जहां जनसहयोग से भगवान परशुराम का मंदिर निर्माण कराया जा सके तथा उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की जा सके। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि इस मांग को लेकर जिला स्तर से लेकर राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

रामनाथ तिवारी ने बताया कि इस संबंध में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजकर मांगों से अवगत कराया जाएगा। वहीं उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में भगवान परशुराम जयंती पर बिहार सरकार से राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग दोहराई।

समारोह के दौरान समाज के विभिन्न लोगों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में भास्कर दुबे, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, अभिषेक कुमार, तुलसी तिवारी, कमलेश सिंह, सतन चौबे, मनोज कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, सुधीर सिंह, आदर्श तिवारी, रोहित तिवारी, शशिकांत तिवारी, भीम तिवारी, नंदजी दुबे, रामकुमार तिवारी, रविशंकर श्रीवास्तव, सोनू सिंह, कृष्णा प्रसाद, तन्मय चौधरी, आनंद ओझा, शंभू पांडेय समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।







# पुलिस का शिकंजा : हथियार के साथ पकड़ा गया कोढ़ा गैंग का बदमाश



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस ने अपराध पर नकेल कसते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। नया भोजपुर थाना पुलिस ने विशेष समकालीन अभियान के दौरान कुख्यात कोढ़ा गैंग के एक सक्रिय सदस्य को लोडेड देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया, जबकि पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किस बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार युवक की पहचान कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत जुराबगंज गांव निवासी कारू कुमार यादव, पिता महेश यादव, के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया है कि वह उस गैंग से जुड़ा है, जो बिहार समेत कई जिलों में चैन स्नैचिंग, बैंक ग्राहकों से लूट और झपटमारी जैसी घटनाओं के लिए बदनाम है।

जानकारी के मुताबिक, नया भोजपुर के प्रभारी थाना प्रभारी सुमन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि महाराजा कोठी के समीप पीसीसी सड़क के उत्तरी मोड़ पर बिना नंबर प्लेट की पल्सर बाइक पर दो संदिग्ध युवक खड़े हैं और किसी वारदात की तैयारी में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल इलाके की घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही दोनों युवकों में अफरा-तफरी मच गई। एक युवक बाइक लेकर तेजी से भाग निकला, जबकि दूसरे को पुलिस ने दौड़ाकर दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसकी कमर से एक लोडेड देशी कट्टा बरामद हुआ। हथियार मिलने के बाद पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को संदेह है कि दोनों आरोपी इलाके में बैंक से पैसे निकालकर लौटने वाले लोगों या अकेले राहगीरों को निशाना बनाने पहुंचे थे। कोढ़ा गैंग की कार्यशैली भी इसी तरह की रही है। गिरोह के सदस्य पहले इलाके की रेकी करते हैं, फिर आसान शिकार की पहचान कर झपट्टा मारकर नकदी, गहने या अन्य सामान लेकर फरार हो जाते हैं।

थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि फरार आरोपी की पहचान के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी चल रही है। साथ ही गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस गिरोह के और कितने सदस्य क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा इनके नेटवर्क का संचालन कौन कर रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से डुमरांव और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की तत्परता की सराहना की है। अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# एसपी शुभम आर्य की सख्ती: सड़क पर उतरते ही मचा हड़कंप, 40 से ज्यादा वाहनों पर हुई कार्रवाई

## ब्लैक फिल्म, हूटर और अवैध नंबर प्लेट वालों पर चला डंडा, खुद मोर्चा संभालते दिखे पुलिस कप्तान

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शनिवार की देर शाम बक्सर शहर में उस समय हड़कंप मच गया, जब जिले के पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य खुद सड़क पर उतरकर विशेष जांच अभियान की कमान संभालते दिखे। एसपी की मौजूदगी में शहर के प्रमुख चौराहे ज्योति प्रकाश चौक पर चलाए गए इस अभियान ने वाहन चालकों के बीच खलबली मचा दी। अचानक शुरू हुए इस सघन अभियान में पुलिस ने एक-एक वाहन को रोककर जांच की। चार पहिया वाहनों पर लगी ब्लैक फिल्म, अवैध हूटर, नियम विरुद्ध मॉडिफिकेशन और फर्जी अथवा मानक विहीन नंबर प्लेट को लेकर पुलिस ने सख्त तेवर दिखाए।



जिन वाहनों पर काली फिल्म लगी मिली, उन्हें मौके पर ही उतरवाया गया। कई वाहन चालकों को नियमों की जानकारी देते हुए चेतावनी भी दी गई। एसपी शुभम आर्य स्वयं सड़क पर खड़े होकर जांच की निगरानी करते रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी हालत में यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों को बख्शा न जाए। पुलिस कप्तान की मौजूदगी देखकर वाहन चालकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई चालक रास्ता बदलकर निकलने की कोशिश करते दिखे, जबकि कुछ लोग वाहन मोड़कर दूसरी गलियों से भागने लगे।

पुलिस टीम ने दोपहिया और चारपहिया दोनों प्रकार के वाहनों की बारीकी से जांच की। हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने, दस्तावेज अधूरे होने और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के मामलों में भी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 40 से अधिक वाहनों का चालान काटा गया, जिससे वाहन चालकों में अनुशासन का संदेश गया। इस दौरान शहर के कई इलाकों में पुलिस की अतिरिक्त तैनाती भी की गई थी, ताकि जांच अभियान के दौरान यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। मौके पर सदर एसडीपीओ गौरव पांडेय, नगर थानाध्यक्ष मनोज सिंह, ट्रैफिक इंचार्ज समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने टीमों में बंटकर अलग-अलग बिंदुओं पर जांच की और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। सूत्रों के अनुसार, पुलिस मुख्यालय ने हाल के दिनों में बढ़ती आपराधिक घटनाओं और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी को गंभीरता से लिया है। इसी के तहत सभी जिलों में विशेष जांच अभियान चलाने का निर्देश जारी किया गया है। बक्सर में इस अभियान की शुरूआत एसपी ने खुद मोर्चा संभालकर की, जिससे साफ संकेत मिल गया है कि आने वाले दिनों में नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

एसपी शुभम आर्य ने कहा कि अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क पर नियमों का पालन भी कानून व्यवस्था का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अवैध हूटर, काली फिल्म और फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल कई बार आपराधिक गतिविधियों में भी होता है, इसलिए ऐसे वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय सभी दस्तावेज साथ रखें, ट्रैफिक नियमों का पालन करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। साथ ही स्पष्ट किया कि यह अभियान एक दिन का नहीं है, बल्कि आगे भी लगातार जारी रहेगा।

शहरवासियों का कहना है कि लंबे समय बाद पुलिस का ऐसा सख्त रुख देखने को मिला है। लोगों ने उम्मीद जताई कि यदि इसी तरह नियमित जांच अभियान चलता रहा तो अपराधियों और नियम तोड़ने वालों में भय बना रहेगा तथा शहर में कानून व्यवस्था और बेहतर होगी।

## एक नजर

### इलाज के दौरान बीएसएफ जवान शहीद सत्येंद्र प्रताप सिंह का निधन, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई



**बक्सर।** जिले के तिलक राय के हाता गांव का लाल और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान शहीद सत्येंद्र प्रताप सिंह अब इस दुनिया में नहीं रहे। उनके निधन की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को जैसे ही उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घर के आंगन में चीख-पुकार और मातम का ऐसा माहौल था कि हर आंख नम हो उठी। मिली जानकारी के अनुसार शहीद सत्येंद्र प्रताप सिंह, स्वर्गीय अर्जुन सिंह के पुत्र थे और वर्तमान में बीएसएफ में तैनात थे। उनकी पोस्टिंग त्रिपुरा में थी, जहां वे देश सेवा के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व रामदास राय के डेरा थाना क्षेत्र के गंगौली गांव के पास कोईलवर तटबंध पर सड़क दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर मिलते ही गांव समेत पूरे जिले में शोक की लहर फैल गई। रविवार को जब उनका शव गांव पहुंचा तो हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हर कोई अपने गांव के वीर सपूत की एक झलक पाने को आतुर दिखा। परिजनों की हालत देख मौजूद लोगों की आंखें भी भर आईं। उनकी माता कालरात्रि देवी बेसुध होकर बेटे को पुकारती रहीं, जबकि पुत्र अखिलेश कुमार सिंह और श्रीकांत सिंह सहित अन्य परिजन गहरे सदमे में थे। गांव के लोगों ने नम आंखों से अपने लाल को अंतिम विदाई दी। तिलक राय के हाता थाना की पुलिस ने राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जवानों ने सलामी दी तो माहौल और भी गमगीन हो गया। पूरा गांव ह्लभारत माता की जयह्व और ह्लशहीद सत्येंद्र प्रताप सिंह अमर रहेंह्व के नारों से गूंज उठा। देश की सेवा में समर्पित इस वीर सपूत की विदाई ने हर किसी को भावुक कर दिया। गांव वालों ने कहा कि सत्येंद्र प्रताप सिंह ने देश का नाम रोशन किया है और उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा।

### कोरानसराय में पुलिस का एक्शन: देसी शराब के साथ तस्कर दबोचा, नशेड़ी भी गया जेल

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार और नशाखोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस को खबर मिली थी कि क्षेत्र में एक युवक देसी चुलाई शराब की खेप लेकर सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी कर आरोपी को धर दबोचा। गिरफ्तार युवक की पहचान नोनिया डेरा निवासी उपेंद्र कुमार (20 वर्ष), पिता बिंद चौधरी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 5 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से शराब ढुलाई में इस्तेमाल हो रही मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया। वहीं इसी अभियान के दौरान शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान मठिला निवासी बीरेंद्र कुमार सिंह, पिता स्वर्गीय रामाशंकर सिंह के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई, जिसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में शराब तस्करी और सेवन के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पत्नी से कहासुनी के बाद टॉवर पर चढ़ा युवक, घंटेभर चला हाई ड्रामा

- पुलिस की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा, बिजली आपूर्ति बंद कर युवक को सुरक्षित उतारा गया



**केटी न्यूज/बक्सर**

इटाढ़ी थाना क्षेत्र के पसहरा गांव में रविवार को घरेलू विवाद के बाद एक युवक के हाई वोल्टेज बिजली टॉवर पर चढ़ जाने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। करीब 200 फीट ऊंचे टॉवर पर युवक को चढ़ता देख ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बिजली विभाग की टीम सक्रिय हुई तथा सूझबूझ से कार्रवाई करते हुए युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। इस दौरान करीब एक घंटे तक गांव में हाई ड्रामा चलता रहा। मिली जानकारी के अनुसार पासहरा गांव निवासी सूरज नट का अपनी पत्नी से पैसों को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद गुस्से में आकर वह घर से निकल गया और गांव के समीप स्थित हाई वोल्टेज बिजली टॉवर पर चढ़ने लगा। देखते ही देखते वह टॉवर की ऊंचाई पर पहुंच गया। युवक को इतनी ऊंचाई पर चढ़ा देख गांव वालों के होश उड़ गए और मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक टॉवर के शीर्ष के पास पहुंचकर दोनों हाथ फैलाकर खड़ा हो गया, जिससे नीचे खड़े लोगों में दहशत फैल गई। लोगों को आशंका थी कि यदि जरा सी भी चूक हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है। घटना की सूचना तत्काल इटाढ़ी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात की गंभीरता को देखते हुए बिजली विभाग से संपर्क किया। अधिकारियों के निर्देश पर टॉवर से गुजर रही लगभग 200 केवी हाई वोल्टेज लाइन की बिजली आपूर्ति तत्काल बंद कराई गई। समय रहते बिजली काटे जाने से संभावित करंट हादसे का खतरा टल गया। इसके बाद पुलिस ने माइकिंग के जरिए युवक को लगातार समझाने का प्रयास शुरू किया। पुलिसकर्मियों ने उसे परिवार, पत्नी और दो छोटे बच्चों की जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए शांत कराया। काफी देर तक समझाने-बुझाने और परिजनों के मनाने के बाद युवक का गुस्सा शांत हुआ। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद वह धीरे-धीरे नीचे उतर आया। युवक के सुरक्षित नीचे आते ही मौके पर मौजूद ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इसके बाद पुलिस ने युवक को अपने संरक्षण में लेकर समझाइश दी और परिजनों को सौंप दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि घरेलू विवाद के कारण इस तरह जान जोखिम में डालना बेहद खतरनाक कदम है। ग्रामीणों ने प्रशासन की तत्परता और पुलिस की सूझबूझ की सराहना की, जिसकी वजह से एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस अधिकारियों ने भी लोगों से अपील की है कि पारिवारिक विवाद या तनाव की स्थिति में ऐसा कदम उठाने के बजाय कानून व्यवस्था और परिवार के वरिष्ठ लोगों की मदद लें, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

# डुमरांव में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर पुलिस की सख्ती

- विशेष जांच अभियान में 10 हजार से अधिक जुर्माना
- थानाध्यक्ष बोले—नियम तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव थाना पुलिस ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सड़क सुरक्षा को लेकर रविवार को विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। नया थाना के समीप शुरू हुए इस अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने किया। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान नियमों की अनदेखी कर वाहन चला रहे लोगों पर सख्त कार्रवाई की गई। जांच अभियान में कुल 10,100 रुपये जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों,



भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों पर दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र, इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाणपत्र, हेलमेट और सीट बेल्ट की जांच की गई। जिन वाहन चालकों के पास आवश्यक कागजात नहीं थे या जो बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चला रहे थे, उन पर तत्काल जुमार्ना लगाया गया।

थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मामले लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण सामने आते हैं। इसलिए पुलिस द्वारा नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना हेलमेट बाइक चलाना, बिना सीट बेल्ट कार चलाना, नशे की हालत में वाहन चलाना तथा बिना कागजात सड़क पर उतरना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पुलिस की कार्रवाई का उद्देश्य केवल जुमार्ना वसूलना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना है। यदि लोग स्वयं नियमों का पालन करें तो हादसों में काफी कमी लाई जा सकती है।

एसडीपीओ पोलस्त कुमार के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही। कई लोग जांच स्थल से पहले ही अपने दस्तावेज दुरुस्त करते नजर आए, जबकि कई वाहन चालक हेलमेट पहनकर चलते दिखे। स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना की है। लोगों का कहना है कि लगातार ऐसे अभियान चलते रहने से सड़क सुरक्षा मजबूत होगी और ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों में जिम्मेदारी बढ़ेगी। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज किया जाएगा।

# चौसा नगर पंचायत में जनगणना 2027 की तैयारी तेज, प्रगणकों को दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण

- ऑनलाइन स्वगणना, डिजिटल सर्वे और सटीक आंकड़ों के संकलन पर अधिकारियों ने दिया जोर



**केटी न्यूज/चौसा**

जनगणना 2027 को सफल और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से चौसा नगर पंचायत क्षेत्र में रविवार से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। बालिका मध्य विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन जनगणना कोषांग के नोडल पदाधिकारी मोहम्मद अरशद हैदर नकवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में जनगणना कार्य से जुड़े प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उद्घाटन के अवसर पर नोडल पदाधिकारी ने कहा कि जनगणना किसी भी देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास, पेयजल, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं की योजनाएं तैयार करती है। इसलिए इसमें लगे सभी कर्मियों की जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में 30 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये कर्मी अपने-अपने वार्डों और क्षेत्रों में जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराएंगे।

प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक डॉ. सुरेंद्र सिंह एवं विनोद कुमार चौधरी ने प्रतिभागियों को जनगणना की प्रक्रिया, परिवार विवरण संकलन, डिजिटल फॉर्म भरने की विधि, डेटा सुरक्षा तथा स्वगणना प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है, जिससे नागरिक स्वयं भी मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से ऑनलाइन स्वगणना कर सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और आंकड़ों की पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

अधिकारियों ने कहा कि कर्मियों को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक भी करना होगा, ताकि अधिक से अधिक लोग ऑनलाइन स्वगणना सुविधा का लाभ उठा सकें। साथ ही किसी भी प्रकार की त्रुटि या भ्रम की स्थिति में तत्काल पर्यवेक्षकों से संपर्क करने का निर्देश दिया गया। नोडल पदाधिकारी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अपील की कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि चौसा नगर पंचायत की सही जनसंख्या, सामाजिक स्थिति और आर्थिक आंकड़े सरकार तक पहुंच सकें। कार्यक्रम में कार्यालय सहायक प्रभाकांत मिश्रा, अमित पांडे, मोहम्मद शमीम, सत्य प्रकाश समेत कई कर्मी एवं जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

# मेधावी छात्रों के लिए सुनहरा मौका : बिरला ओपन माइंड्स स्कूल ने शुरू की छात्रवृत्ति योजना

**केटी न्यूज/बक्सर**

सीबीएसई कक्षा 10वीं के परिणाम घोषित होने के बाद जिले के मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, बक्सर ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कक्षा 11वीं में नामांकन के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है। यह योजना विद्यार्थियों के प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की गई है, जिससे योग्य और प्रतिभाशाली छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बेहतर अवसर मिल सके। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी तीनों संकायों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को यह सुविधा मिलेगी। 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का 100 प्रतिशत प्रवेश शुल्क पूरी तरह माफ कर दिया गया है। वहीं अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रतिशत के आधार पर आकर्षक रियायत दी जाएगी। विद्यालय ने छात्रवृत्ति की श्रेणियां निर्धारित करते हुए बताया कि 90 से 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वालों को 50 प्रतिशत, 80 से 89 प्रतिशत अंक वालों को 40 प्रतिशत, 70 से 79 प्रतिशत वालों को 30 प्रतिशत तथा 60 से 69 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को 20 प्रतिशत प्रवेश शुल्क में छूट दी जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि कक्षा 11वीं में नामांकन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है, जबकि नियमित कक्षाओं का शुभारंभ 5 मई से होगा। ऐसे में विद्यार्थियों और अभिभावकों से समय रहते नामांकन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की गई है।

विशेष बात यह है कि विद्यालय केवल इंटरमीडिएट शिक्षा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी भी कराएगा। विज्ञान संकाय के छात्रों के लिए आईआईटी-जेईई और नीट, मानविकी संकाय के लिए सीएलएटी और सिविल सेवा परीक्षा, जबकि वाणिज्य संकाय के लिए सीए एवं सीयूईटी जैसी परीक्षाओं हेतु व्यवस्थित मार्गदर्शन दिया जाएगा।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक इंजीनियर अंकुर राय ने कहा कि यह योजना किसी प्रकार का प्रचार नहीं, बल्कि प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ाने की एक गंभीर पहल है। उन्होंने कहा कि आर्थिक कारणों से किसी भी छात्र की प्रतिभा बाधित नहीं होनी चाहिए। विद्यालय का उद्देश्य सिर्फ पढ़ाई कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उनके सपनों तक पहुंचाने के लिए मजबूत आधार देना है।

# श्री शतचंडी महायज्ञ के शोभायात्रा भक्तों की उमड़ी भीड़

**केटी न्यूज/आरा**

पीरो अनुमंडल क्षेत्र के चकिया गांव में सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ सह मां भगवती, ग्राम देवी देवता प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को भव्य जलभरी सह शोभा यात्रा के साथ हुआ। श्री श्री 1008 श्री रंगनाथचार्य जी महाराज के सानिध्य में निकाली गई इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में पुरुष और महिला श्रद्धालु शामिल हुए। जलभरी सह शोभा यात्रा के दौरान भक्तों द्वारा किए जा रहे जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। शनिवार की दोपहर निकली



शोभायात्रा चकिया स्थित यज्ञ स्थल से शुरू होकर प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए कुरमुरी बनास नदी तक पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल का आहरण करने के बाद कलश अपने सिर पर रखकर पैदल चलते हुए वापस बहरी महादेव धाम स्थित यज्ञ स्थल पर पहुंचे, जहां शोभा यात्रा का समापन हुआ। इस जलभरी सह शोभा यात्रा में चकिया, सारोपुर, नौआ, रजमलडीह, फतेपुर समेत सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उल्लास के साथ भाग लिया। जलभरी कार्यक्रम के साथ ही अनुष्ठान की विधिवत शुरूआत हो गई । यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों के अनुसार इस सात दिवसीय अनुष्ठान के तहत शनिवार को जलभरी के बाद 22 अप्रैल को नगर भ्रमण, 23 अप्रैल को महाआरती और 24 अप्रैल को पूणार्हुति तथा भंडारा का आयोजन होगा। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन भजन कीर्तन, संतों के प्रवचन, मंडप परिक्रमा आदि कार्यक्रम धार्मिक विधि विधान के अनुसार संपन्न होगें। इस आयोजन में शाममल होने के लिए काफी संख्या में साधु संत यज्ञ स्थल पर पहुंच रहे हैं। आगन्तुक लोगों के ठहरने, खाने पीने आदि की यहां समुचित व्यवस्था की गई है।

# भोजपुर जिले में अंतरराज्यीय पंकिया चोर गिरोह पर पुलिस ने कसा शिकंशा

■ **शातिर आरोपी को पुलिस ने 23 किलो चांदी के साथ दबोचा**

**केटी न्यूज/आरा**

जिला क्षेत्र के गजराजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गजराजगंज बाजार स्थित सोने की दुकान में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने किया उद्वेदन। जिस कांड में एक कुख्यात अंतरराज्यीय ह्यपंकियाह्न चोर गिरोह का पदार्फाश होते ही सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि यह शातिर गिरोह लंबे समय से बिहार समेत कई राज्यों में सैकड़ों बड़ी चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका था। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है। घटना के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं



उनके पर्यवेक्षण में विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में सर्किल इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। जबकि गजराजगंज थाना प्रभारी चंचल कुमार महता के कुशल नेतृत्व में टीम ने सुनियोजित तरीके से जांच शुरू की। पुलिस ने पारंपरिक जांच के साथ-साथ तकनीकी और खुफिया तरीकों का सहारा लेते हुए गिरोह की गतिविधियों पर नजर रखी। जांच के दौरान जिला अधिसूचना इकाई की टीम को भी शामिल किया गया, जिसमें साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ रितेश कुमार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को गिरोह के सदस्यों तक पहुंचने में सफलता मिली। लगातार निगरानी और सटीक रणनीति के चलते पुलिस ने महज एक महीने के भीतर इस बड़े गिरोह का पदार्फाश कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरोह के सदस्य सोमपाल,पिता-मटरू को गिरफ्तार किया। इसके अलावा उस सुनार को भी गिरफ्तार किया गया, जिसके यहां चोरी का सोना बेचा गया था। बरौनी से पंचवटी ज्वेलर्स के मालिक अशोक साह को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से करीब 23 किलो ग्राम चांदी बरामद की गई। जिसकी कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि यह गिरोह बेहद संगठित तरीके से काम करता था। सदस्य पहले इलाके की रेकी करते थे और फिर रात के समय सुनसान या कम सुरक्षा वाली दुकानों को निशाना बनाते थे। चोरी के बाद वे तुरंत माल को दूसरे जिलों या राज्यों में खपा देते थे। जिससे उनके खिलाफ सबूत जुटाना कठिन हो जाता था। प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि यह गिरोह बिहार में 100 से अधिक चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है। इस पूरे ऑपरेशन में अनुसंधानकर्ता एसआई सोनी, एसआई रुपेश कुमार, एसआई धनंजय कुमार, कॉन्स्टेबल राहुल कुमार तथा जिला अधिसूचना इकाई की टीम ने अहम भूमिका निभाई। जो सभी अधिकारियों और जवानों के समन्वित प्रयास से यह बड़ी सफलता हासिल हुई है। फिलहाल गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए गजराजगंज थाना प्रभारी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद अपराधियों में भय का माहौल है और आमजन में पुलिस के सराहनीय कार्य की चर्चा जोरों पर है।

# प्राथमिक विद्यालय के चारदीवारी का विद्यायक ने किया उद्घाटन



**केटी न्यूज/रोहतास**

काराकाट प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मलपुरा में नवनिर्मित चारदीवारी का उद्घाटन काराकाट विधायक अरुण कुमार सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया । इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता एचएम जयंती कुमारी व संचालन शिक्षक रजनीश सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर की गई। संबोधन में विधायक ने विद्यालय की व्यवस्था एवं शिक्षा के स्तर की सराहना करते हुए कहा कि यहां का शैक्षणिक वातावरण अत्यंत ही प्रशंसनीय है। उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद दिया तथा बच्चों को और बेहतर शिक्षा देने की अपील की। विधायक ने कहा कि चारदीवारी निर्माण से विद्यालय की सुरक्षा के साथ-साथ इसकी सुंदरता और गरिमा में भी वृद्धि हुई है। इस कार्य के लिए विद्यालय परिवार ने विधायक निधि से हुए निर्माण पर आभार व्यक्त किया है । इस मौके पर सोनवर्षा मुखिया राजीव रंजन सिंह,सतीश चंद्र,शिक्षक मनोज कुमार,विकास सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कलाकार एवं अभिभावक डॉ.बिंदेश्वरी ने हमारा विद्यालय,हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत विद्यालय की स्वच्छता, शिक्षा और अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए और विद्यालय की सराहना की। वहीं सोनवर्षा के पूर्व मुखिया अवधेश चौधरी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# भोजपुरी इंडस्ट्री में विवाद को लेकर कलाकार ने राइटर पर लगाया आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुरी इंडस्ट्री में एक बड़ा विवाद सामने आया है जहां की भोजपुरी के गायक कलाकार अनिरुद्ध यादव ने अपने ही राइटर यानी गाना लेखक जितेंद्र यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहां की उन्होंने अपने लिखे हुए गानों को उनको गाने के लिए दिया लेकिन तब तक उन्होंने किसी दूसरे के माध्यम से उसे गाने को रिलीज कर दिया जो कि उनके साथ सीधे तौर पर धोखाधड़ी है क्योंकि इस गाने के आवाज में उन्होंने इसके बदले पैसे भी लिए हैं जिसका प्रमाण उसके पास है और जितेंद्र यादव ने जानबूझकर के उनका करियर को खराब करने की नीयत से उसे गाने को दूसरे गायक को दे दिया इसको लेकर गायक अनिरुद्ध यादव ने अपने ही लेखक के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है बताया जा रहा है कि लेखक जितेंद्र यादव ने एक भोजपुरी गाने के लिए इन लोगों से पैसे भी ले लिए लेकिन उन्होंने फिर किसी दूसरे गायक को वह गाना दे दिया इसके बाद यह कलाकार काफी



आहत हुए हैं उनका कहना है कि वे लोग छोटे कलाकार हैं और कलाकारी ही उनका मुख्य पेशा है लेकिन जिस तरह से लेखक जितेंद्र यादव ने उनके साथ ना इंसाफी किया है इसको लेकर उन्होंने तमाम भोजपुरी कलाकार भोजपुरी इंडस्ट्री एवं भोजपुरी जन सुनने देखने वाले लोगों से अपील करते हुए कहा है कि जिस तरह से अनिरुद्ध यादव के साथ यह जाति की गई है उसको लेकर जितेंद्र यादव सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे अन्यथा इसको लेकर अनिरुद्ध यादव उनके ऊपर मामला दर्ज कराएंगे क्योंकि यह सवाल उनके करियर से जुड़ा हुआ है और इस कारण में काफी मानसिक तनाव में जी रहे हैं आरा के होटल ग्रांड में आयोजित प्रेस वार्ता में गायक अनिरुद्ध यादव एवं गायिका अनुराधा कुमारी ने कहा कि लेखक के द्वारा उन लोगों के साथ सीधे तौर पर धोखा किया गया है और अपने दूसरे गायक को फायदा पहुंचाने के लिए उनके द्वारा यह काम किया गया है जिसको लेकर वे लोग अब न्याय के लिए पुलिस प्रशासन एवं माननीय न्यायालय का दरवाजा खटखटा एंगे वही इस संदर्भ में लेखक जितेंद्र यादव से जब संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया जिसके कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

## एक नजर

### प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में संघ संगठन को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**बिक्रमगंज।** बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ अनुमंडल शाखा बिक्रमगंज रोहतास की बैठक इंटर स्तरीय विद्यालय में अनुमंडल अध्यक्ष सह प्रधानाध्यापक उच्च माध्यमिक विद्यालय नोनहर नवीन कुमार नवीन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन अनुमंडल सचिव अविनाश कुमार ने किया। जिला उपाध्यक्ष नेसार अहमद,जिला सचिव सतीश कुमार पांडेय,जिला कोषाध्यक्ष अशोक तिवारी, जिला मूल्यांकन सचिव धर्मराज सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस विद्यालय के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक स्व.अनिल कुमार सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट की गई। उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवपुर की प्रधानाध्यापिका नीलम चतुर्वेदी ने संगठन की मजबूती को सबसे बड़ी मांग बताया। बैठक में निम्न प्रस्ताव पारित हुए जिसमें सदस्यता अभियान हेतु सभी प्रखंडों के अध्यक्ष एवं सचिव को आज ही रसीद दे दी जाए तथा इसकी शुरूआत इसी बैठक से की जाए। संगठन को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इस पत्रिका में शिक्षा एवं शिक्षकों की बेहतरी के लिए संगठन की कार्रवाइयों सहित विभागीय पत्रों का संकलन आदि रहता है । अतः विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित संघ के सदस्यों को भी इस पत्रिका को लेने हेतु प्रेरित किया जाए । ऐसे विद्यालय जहां प्रश्न पत्र का बकाया है उन विद्यालयों के प्रधानों से संपर्क किया जाए,अन्यथा की स्थिति में ऐसे विद्यालयों के प्रधानों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई हेतु राज्य संघ को प्रेषित किया जाए। बैठक में अरुण कुमार सिंह, कुश कुमार त्रिपाठी,मनोरंजन शर्मा,प्रधानाध्यापक अरुण कुमार,दिनेश सिंह,सुनील कुमार,विजय राज, बहादुर सिंह,लाल बहादुर सिंह, दीपक कुमार, मो. दाऊद सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की हुई दर्दनाक मौत

**बिक्रमगंज ।** रविवार की शांत सुबह अचानक मातम में बदल गई,जब रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र स्थित बिक्रमगंज-दिनारा मुख्य मार्ग पर ग्राम कोल्हा के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई । सुबह करीब 9:30 बजे हुए इस हादसे ने न सिर्फ एक जिंदगी खत्म कर दी,बल्कि एक परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। मृतक की पहचान भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर गांव निवासी 32 वर्षीय अजय साह के रूप में हुई है,जो हाकीम साह के पुत्र थे । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अजय अपने किसी कार्य से बाइक से निकले थे। इसी क्रम में कोल्हा गांव समीप ही एक अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की खबर मिलते ही बिक्रमगंज थाना की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। कुछ ही देर में जब परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे,तो अपने बेटे का शव देख उनका कलेजा फट पड़ा । पूरे इलाके में चीख-पुकार और गम का माहौल छा गया ।थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि परिजनों की मौजूदगी में सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है । उन्होंने कहा कि पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान करने और आरोपी चालक तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

### पुलिस ने वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बिक्रमगंज।** रोहतास जिले में फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान तहत पुलिस को अहम सफलता मिली है। राजपुर और काराकाट थाना की पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया । राजपुर थाना क्षेत्र के तेंदुबहार गांव निवासी सियाराम मुसहर के पुत्र मनोज मुसहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष अंशुमाला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सासाराम न्यायालय से गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी था । इसी क्रम में काराकाट थाना की पुलिस ने भी सुगीबाल गांव निवासी वीरेंद्र कुमार राम को गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष विवेक कुमार के अनुसार आरोपी के खिलाफ बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था,जिसके आलोक में उसे पकड़कर जेल भेज दिया गया ।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है । इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में फरार आरोपियों के बीच हड़कंप मच गया है।

### दुनिया में मानवता की रक्षा के लिए आत्मीय सोच की है जरूरत : जेपी पांडेय

**काराकाट ।** भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता सह झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने युद्ध से धरती पर मच रही इंसानियत के लहूलुहान करने वाले बारूद की ओर ध्यान केंद्रित करते हुए स्पष्ट रूप से मानवता की ओर संकेत करते हुए कहा कि आज हम सभी को पता होना चाहिए कि हम कलियुग से गुजर रहे है,ऐसे समय में सतयुग की कल्पनाओं के अनुरूप सोचना और लागू करना बिल्कुल ही संभव नहीं है,जिस तरह से बच्चों की हसी और अस्पतालों की शांति में व्यवधान पहुंचाया जा रहा है,वह बेहद ही शर्मनाक घटनाएं है,जो मानवता पर कलंक के रूप में देखा जा रहा है,अमेरिका,इजरायल, ईरान, पाकिस्तान,अफगानिस्तान,रूस और यूक्रेन युद्ध ने मानवता के रक्षा के महत्वों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है,आज दुनिया के महाशक्तियां केवल हथियारों के व्यापार में व्यस्त है,इससे इस नियति को समझ लेना चाहिए कि इस दुनिया के मानवता का अंत युद्ध के धूल कण और बारूदी धुएं से होना है,तो फिर मानवता सुरक्षा का विकल्प हम बिना समावेशीक सोच के कैसे दे पाएंगे।ऐसे स्थिति में ब्राह्मण परिवार की जिम्मेवारी काफी बड़ी और वृहद होने जा रही है। जिस तरह से आज अमेरिका का मिसाइल ने ईरान के शहरों में जिस तरह से तबाही मचाई है।

# पूरी तरह बदलने वाला है पटना जू ! ट्री-वॉक, रॉक गार्डन और हाई-टेक एंट्री से बनेगा सबसे बड़ा हैंगआउट स्पॉट

**एजेंसी। पटना**

बिहार की राजधानी में स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान अब जल्द ही एक नए और हाई-टेक अवतार में नजर आने वाला है। राज्य सरकार ने इस प्रतिष्ठित जू को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। मुख्य सचिव आनंद किशोर की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में करीब 10 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना का उद्देश्य न सिर्फ जू को और आकर्षक बनाना है, बल्कि इसे एक बेहतरीन पर्यटन और मनोरंजन केंद्र के रूप में विकसित करना भी है।सबसे पहले जू के प्रवेश द्वारों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। गेट नंबर 1 और 2 का पूरी तरह कायाकल्प किया जाएगा, जिस पर लगभग 5 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन गेट्स को




आधुनिक रूप दिया जाएगा, जहां एक ही छत के नीचे टिकट काउंटर, क्लॉक रूम और सोविनियर शॉप जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा और प्रवेश प्रक्रिया भी पहले से ज्यादा आसान और सुव्यवस्थित हो जाएगी। इसके अलावा पार्किंग एरिया को भी नया रूप दिया जाएगा। यहां एक शानदार कैफेटेरिया बनाया जाएगा, जहां लोग जू में प्रवेश करने से पहले या घूमने के बाद आराम से बैठकर चाय-नाश्ते का आनंद ले सकेंगे। यह सुविधा खासतौर पर परिवारों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। इस बार के विकास कार्यों में सबसे खास आकर्षण 100 मीटर लंबा ट्री-वॉक होगा। यह ट्री-वॉक पर्यटकों को ऊंचाई से हरियाली और जू के खूबसूरत नजारों का आनंद लेने का मौका देगा। इसके लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से अनुमति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही, दिल्ली के रॉक गार्डन की तर्ज पर यहां भी बेकार और पुनर्चक्रित सामग्री से आकर्षक संरचनाएं बनाई जाएंगी, जिनमें सर्प बास्केट, स्नेक टियर और ग्रीन इगुआना जैसे डिजाइन शामिल होंगे। युवाओं और सोशल मीडिया प्रेमियों को ध्यान में रखते हुए जू में आधुनिक सेल्फी पॉइंट्स भी बनाए जाएंगे। इसके साथ ही पर्यावरण के अनुकूल ईको-फ्रेंडली बेंच लगाए जाएंगे, जिससे लोग आराम भी कर सकेंगे और खूबसूरत तस्वीरें भी ले सकेंगे। यह पहल जू को एक आधुनिक हैंगआउट स्पॉट के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी। दर्शकों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जू प्रबंधन ने कई अहम कदम उठाए हैं। जू में 16 प्रोफेशनल गाइड्स की नियुक्ति की जाएगी, जो मात्र 10 रुपये शुल्क में पर्यटकों को जू के बारे में जानकारी देंगे। इससे लोगों को जानवरों और पर्यावरण के बारे में बेहतर समझ मिल सकेगी। इसके अलावा पूरे परिसर में 150 ईको-बिन लगाए जाएंगे ताकि स्वच्छता बनी रहे, और 15 स्थानों पर आकर्षक साइनेज लगाए जाएंगे, जिससे पर्यटकों को रास्ता ढूंढने में आसानी होगी। जू को पूरी तरह स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बड़ी संख्या में वॉटर कूलर और आधुनिक टॉयलेट्स का निर्माण किया जाएगा, ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह कदम न सिर्फ स्वच्छता को बढ़ावा देगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा।

# भगवान परशुराम की धूमधाम से मनी जयंती

**केटी न्यूज/रोहतास**

मानवता सेवा संघ के तत्वधान में मंगितपुर में स्थापित भगवान परशुराम मंदिर में धूमधाम से भगवान परशुराम जयंती मनाई गई।भगवान परशुराम के साधना स्थल माने जाने वाले रोहतास की धरती पर डेहरी अनुमंडल के मंगीतपुर में तथा बिक्रमगंज अनुमंडल के दिनारा में डिहरी अनुमंडल मुख्यालय में मनाया गया। मानवता सेवा संघ से जुड़े लोगों ने भगवान परशुराम की जंयती पर उनके उद्देश्य का अनुपालन करने का संकल्प लिया।भगवान परशुराम की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रवि शंकर पांडेय और संचालन प्रदीप पांडेय ने किया। आए हुए मुख्य अतिथियों को ग्रामीणों के द्वारा फूल



माला एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि शैलेंद्र ओझा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया श्री ओझा ने अपने संबोधन में भगवान परशुराम को बताए गए मार्गों पर चलने का हवन किया मानवता सेवा संघ के मार्गदर्शक फरिंद त्रिपाठी ने कहा कि स्वस्थ और शास्त्र दोनों की ज्ञान रखना जरूरी है। मानवता सेवा संघ के रविकांत तिवारी,रजनीकांत पांडेय,अरविंद पांडेय,निरंजन पांडेय ,रौशन चौबे,अमित पाण्डेय शाहिद सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

# बिहार को जल्द मिलने जा रहा एक और एयरपोर्ट : निर्माण को मिली रफ्तार, 43 करोड़ से होगा कायाकल्प

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुजफ्फरपुर के पताही एयरपोर्ट के निर्माण और विकास की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। जल्द ही यहां से विमान सेवा की शुरूआत होने की उम्मीद है। यह जानकारी केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में केंद्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से उनकी मुलाकात हुई, जिसमें पताही एयरपोर्ट के विकास को लेकर



विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री के अनुसार एयरपोर्ट के निर्माण और जीर्णोद्धार से जुड़ी सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी कर ली जाएंगी, जिसके बाद छोटे विमानों की उड़ान शुरू की जाएगी। डॉ. राजभूषण चौधरी ने यह भी बताया कि यहां एक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना है, जिसके लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (अअक) की ओर से प्रक्रिया जारी है। जल्द ही इसका शिलान्यास किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, पताही एयरपोर्ट का टेंडर पहले ही फाइनल हो चुका है और 18 मार्च को नई दिल्ली स्थित अअक कार्यालय में प्रक्रिया पूरी की गई थी। इस कार्य की जिम्मेदारी उस एजेंसी को दी गई है जिसने पहले पूर्णिया एयरपोर्ट का निर्माण किया है।मंत्री ने कहा कि एक से दो सप्ताह के भीतर निर्माण कार्य में तेजी आ जाएगी और एजेंसी के साथ मिलकर एयरपोर्ट का अंतिम निरीक्षण भी किया जाएगा। करीब 43 करोड़ रुपये की लागत से पताही एयरपोर्ट का जीर्णोद्धार किया जाएगा, जिसमें रनवे, टैक्सी वे, पार्किंग और प्रशासनिक भवन का निर्माण शामिल है। इसी दौरान हैदराबाद में आयोजित इंवेस्टर्स मीट में भी डॉ. राजभूषण चौधरी शामिल हुए, जहां मुजफ्फरपुर में उद्योगों की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इस बैठक में बिहार के बियाडा और कृषि विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। उद्योगपतियों ने मुजफ्फरपुर में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में रुचि दिखाई, वहीं रूस के एक उद्योगपति ने भी क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर जानकारी ली। मंत्री ने बताया कि रविवार को इस मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें कई कंपनियां और उद्योगपति भाग लेंगे। उम्मीद है कि इस बैठक में कई निवेश प्रस्तावों पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# बिहार की राजनीति में बदलाव! सीएम सम्राट चौधरी आज पार्टी ऑफिस से करेंगे प्रेस वार्ता, फिर देवघर रवाना

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सत्ता परिवर्तन के चार दिन पूरे हो चुके हैं और नई सरकार के गठन के बाद प्रशासनिक एवं राजनीतिक गतिविधियाँ तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आज का दिन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि आज वे न सिर्फ सरकारी कामकाज की समीक्षा करेंगे बल्कि पार्टी संगठन से जुड़े एक बड़े कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसके अलावा उनका धार्मिक दौरा भी निर्धारित है, जो उनके दिन के कार्यक्रम को और अधिक व्यस्त बनाता है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज अपने दिन की शुरूआत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक से करेंगे। इस बैठक में राज्य की प्रमुख विकास योजनाओं, लंबित परियोजनाओं और विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। माना जा रहा है कि नई सरकार बनने के बाद यह पहली बड़ी समीक्षा बैठक होगी, जिसमें मुख्यमंत्री स्वयं



विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट का विस्तृत विश्लेषण करेंगे और आवश्यक निर्देश जारी करेंगे। बैठक के दौरान खास तौर पर बुनियादी ढांचे, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा व्यवस्था और रोजगार योजनाओं पर चर्चा होने की संभावना है। सरकार की प्राथमिकता है कि राज्य में चल रही योजनाओं को तेजी से लागू किया जाए ताकि जनता को त्वरित लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री की यह बैठक प्रशासनिक स्तर पर एक महत्वपूर्ण दिशा तय कर सकती है। इसके बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे, जहां वे एक महत्वपूर्ण विषय पर प्रेस वार्ता करेंगे। यह प्रेस वार्ता कई मायनों में विशेष मानी जा रही है क्योंकि यह काफी कम बार देखने को मिलाता है कि कोई मुख्यमंत्री सीधे पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मीडिया से रूबरू होंगे। आम तौर पर मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल में ही पत्रकारों को संबोधित करते हैं, लेकिन इस बार परंपरा से हटकर यह कार्यक्रम पार्टी कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है।राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह कदम सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय का संदेश देने के लिए उठाया गया है। साथ ही यह भी संकेत माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री संगठनात्मक स्तर पर भी सक्रिय भूमिका निभाना चाहते हैं। प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री से सरकार के शुरूआती फैसलों, आगामी योजनाओं और राजनीतिक रणनीति से जुड़े सवाल पूछे जाने की संभावना है। मीडिया जगत की नजरें इस प्रेस वार्ता पर टिकी हुई हैं, क्योंकि इसमें कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी हो सकती हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय में होने वाली यह प्रेस वार्ता इसलिए भी अहम है क्योंकि यह राज्य की राजनीति में एक नई परंपरा की शुरूआत के रूप में देखी जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा पार्टी कार्यालय को संवाद का केंद्र बनाना संगठनात्मक मजबूती और पारदर्शिता के संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है।प्रेस वार्ता के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी देवघर के लिए रवाना होंगे। वहां वे बाबा भोलेनाथ के प्रसिद्ध मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। धार्मिक दृष्टि से यह दौरा उनके निजी आस्था से जुड़ा हुआ माना जा रहा है। देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम देश के प्रमुख ज्योतिलिंगों में से एक है और यहां हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री वहां पूजा-अर्चना के बाद अगले दिन भी मंदिर में दर्शन करेंगे और फिर बिहार के लिए वापसी करेंगे। यह दौरा पूरी तरह धार्मिक बताया जा रहा है, हालांकि राजनीतिक हलकों में इसे जनमानस से जुड़ाव और आध्यात्मिक संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है।कुल मिलाकर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आज का दिन प्रशासनिक, राजनीतिक और धार्मिक गतिविधियों से भरपूर रहेगा। एक तरफ जहां वे राज्य की विकास योजनाओं की समीक्षा कर प्रशासन को दिशा देंगे, वहीं दूसरी ओर पार्टी कार्यालय में मीडिया से सीधा संवाद स्थापित कर नई राजनीतिक परंपरा की शुरूआत करेंगे। इसके बाद उनका धार्मिक दौरा उनके दिन को एक अलग आयाम देगा।नई सरकार के शुरूआती दिनों में मुख्यमंत्री की यह सक्रियता यह संकेत देती है कि आने वाले समय में शासन और संगठन दोनों स्तरों पर तेज गति से कामकाज देखने को मिलेगा।

# बिहार में बड़ा संकट! 10% कर्मचारियों की सैलरी अब भी अटकी, 1 करोड़ की पेंशन भी बकाया



**एजेंसी। पटना**

बिहार में सरकारी कर्मचारियों और सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों की मार्च महीने की सैलरी और पेंशन भुगतान में देरी को लेकर एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। राज्य के वित्त विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जहां एक ओर अधिकांश कर्मचारियों को वेतन मिल चुका है, वहीं अभी भी करीब 10 प्रतिशत सरकारी कर्मियों को मार्च महीने का वेतन नहीं मिल पाया है। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत आने वाले एक करोड़ से अधिक लाभार्थियों को भी मार्च 2026 की पेंशन राशि का इंतजार है। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शुक्रवार शाम तक लगभग 80 प्रतिशत सरकारी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान सफलतापूर्वक कर दिया गया था। शेष बचे कर्मचारियों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही इसे भी पूरा कर लिया जाएगा। विभागीय स्तर पर दावा किया गया है कि किसी भी प्रकार की गंभीर वित्तीय संकट की स्थिति नहीं है, बल्कि तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के कारण कुछ भुगतान लंबित रह गए हैं। वेतन भुगतान में देरी को लेकर वित्त विभाग के सूत्रों ने बताया कि राज्य के विभिन्न विभागों से जुड़े विकास कार्यों और बड़े वित्तीय लेन-देन की जांच प्रक्रिया के चलते भुगतान में समय लग रहा है। सरकार ने निर्देश दिया है कि सभी बड़े वित्तीय दावों की गहन जांच के बाद ही भुगतान जारी किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी से बचा जा सके। इसी प्रक्रिया के कारण कुछ विभागों में वेतन वितरण की गति प्रभावित हुई है।दूसरी ओर, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत आने वाले बुजुर्गों, विधवा महिलाओं और दिव्यांग लाभार्थियों को भी मार्च महीने की पेंशन अभी तक नहीं मिल पाई है। यह योजना राज्य के लगभग 1.15 करोड़ से अधिक लोगों को मासिक आर्थिक सहायता प्रदान करती है, जो सीधे उनके बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (ऊइळ) के माध्यम से भेजी जाती है। लेकिन इस बार भुगतान में देरी के कारण लाभार्थियों में असंतोष देखा जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के सामाजिक सुरक्षा निदेशालय के अनुसार, पेंशन भुगतान में देरी अस्थायी है और सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पहले ही पूरी

# बिहार में मौसम का पलटवार! कहीं लू तो कहीं आंधी-बारिश, येलो अलर्ट जारी

बिहार में इन दिनों भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच मौसम एक बार फिर करवट लेता हुआ दिखाई दे रहा है। मौसम विज्ञान विभाग, पटना द्वारा जारी ताजा बुलेटिन के अनुसार राज्य के कई हिस्सों में अगले 24 से 48 घंटों के भीतर मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। विभाग ने बताया है कि कुछ जिलों में मेघ गर्जन, तेज हवा और हल्की से मध्यम बारिश होने की पूरी संभावना है। वहीं दूसरी ओर, कुछ इलाकों में गर्मी का प्रकोप अभी भी जारी रहेगा और तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, पछुआ हवाओं और एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन के प्रभाव से बिहार के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में मौसम अस्थिर बना हुआ है। इसी कारण 18 अप्रैल को इन क्षेत्रों में आंधी-तूफान और बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। जबकि राज्य के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सों में मौसम अपेक्षाकृत शुष्क रहने का



अनुमान जताया गया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी है कि पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गया और भागलपुर जैसे प्रमुख जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना सबसे अधिक है। इन सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसका अर्थ है कि लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है, खासकर किसानों और खुले में काम करने वाले श्रमिकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि बारिश के दौरान हवा की गति 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। तेज हवाओं के कारण पेड़ गिरने, बिजली आपूर्ति बाधित होने और कच्चे ढांचे को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई गई है। इसके अलावा, कृषि क्षेत्र पर भी इसका असर पड़ सकता है। खासकर केला जैसी फसलों को तेज हवा और बारिश से नुकसान होने की संभावना व्यक्त की गई है। तापमान की बात करें तो राज्य के कई हिस्सों में गर्मी अभी भी लोगों को परेशान कर रही है। अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा सकता है। दोपहर के समय तेज धूप और उमस के कारण लोगों को घर से बाहर निकलने में कठिनाई हो सकती है।

# बिहार में ट्रैफिक पुलिस अब और हाईटेक! अब हर बहस और हरकत कैमरे में होगी कैद

**एजेंसी। पटना**

ट्रैफिक व्यवस्था को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए पुलिस ने एक बड़ा और तकनीकी कदम उठाया है। अब जिले की ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह हाई-टेक हो गई है। पुलिसकर्मियों की वर्दी पर ह्यबॉडी वॉर्न कैमरेह्ल लगाए गए हैं, जो ड्यूटी के दौरान होने वाली हर गतिविधि को रिकॉर्ड कर रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सड़क पर नियमों का सख्ती से पालन कराना और पुलिस व आम जनता के बीच होने वाले विवादों को खत्म करना है।अक्सर देखा जाता था कि वाहन जांच के दौरान कई बार वाहन चालकों और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी बहस या नोकझोंक हो जाती थी। कई



मामलों में जनता पुलिस पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाती थी, वहीं पुलिसकर्मी भी लोगों के गलत व्यवहार की शिकायत करते थे। इन सब विवादों को खत्म करने के लिए यह नई व्यवस्था लागू की गई है। अब कैमरों की मौजूदगी में न तो पुलिसकर्मी मनमानी कर पाएंगे और न ही वाहन चालक गलत जानकारी देकर बच सकेंगे।इन बॉडी वॉर्न कैमरों की खासियत यह है कि ये लगातार रिकॉर्डिंग करते हैं और ड्यूटी के दौरान हर छोटी-बड़ी गतिविधि को कैद करते हैं। कैमरों में 264 जीबी की स्टोरेज क्षमता दी गई है, जिससे लंबे समय तक वीडियो और ऑडियो सुरक्षित रखा जा सकता है। रिकॉर्ड किए गए सभी डेटा को सुरक्षित तरीके से स्टोर किया जाता है और जरूरत पड़ने पर इसे साक्ष्य के तौर पर कोर्ट या विभागीय जांच में प्रस्तुत किया जा सकता है। इससे पारदर्शिता के साथ-साथ जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इन कैमरों की मॉनिटरिंग स्थानीय स्तर के साथ-साथ उच्च अधिकारियों द्वारा भी की जा रही है। इससे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ड्यूटी के दौरान कोई भी पक्ष नियमों का उल्लंघन न करे। इस पहल से ट्रैफिक नियमों के पालन में भी सुधार देखने को मिल रहा है और लोगों में कानून का डर भी बढ़ा है। इसी सख्ती का असर मार्च महीने के आंकड़ों में भी साफ दिखाई देता है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। पूरे महीने में कुल 1 करोड़ 19 लाख 21 हजार 700 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि जिले में नियम तोड़ने वालों पर लगातार नजर रखी जा रही है और उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जा रहा। इसके अलावा पुलिस ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाया है। अभियान के दौरान भारी मात्रा में शराब, गांजा, स्मैक और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस ने महीने भर में कुल 1729 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें से 1653 को जेल भेज दिया गया है।

# मुंगेर-नालंदा में एईडीओ पेपर लीक मामला, 9 सदस्यीय एसआईटी का गठन

**एजेंसी। पटना**

बिहार में प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करने वाले पेपर लीक मामलों पर अब सख्ती बढ़ा दी गई है। अएऊ परीक्षा 2026 से जुड़े कदाचार और प्रश्न पत्र लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 सदस्यीय विशेष जांच दल (रक्ळ) का गठन किया है, जो पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएगा। बिहार राज्य में संचालित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने की घटनाओं की रोक-थाम हेतु आर्थिक अपराध इकाई के द्वारा लगातार कार्यवाइयाँ की गई हैं। इस क्रम में कई महत्वपूर्ण गिरफ्तारियाँ भी इकाई के स्तर से की गई हैं। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित ए0ई0डी0ओ0 परीक्षा 2026 में कदाचार/प्रश्न पत्र लीक कराने से संबंधित 02 कांड क्रमशः मुंगेर मुफसिल थाना कांड संख्या 170/26 दिनांक 14. 04.2026 धारा (318(4) / 338) / 336 * (3) / 340 * (2) / 3 * (5) बी0एन0एस0 2023 एवं धारा 10/12/11 बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम 2024 तथा सोहसराय (नालंदा) थाना कांड संख्या 106/26 दिनांक 17.04.26 धारा 318(4) / 319 * (2) / 336 * (3) /338/ 340(2) / 3 * (5) बी0एन0एस0 2023 प्रतिवेदित हुए है। इन कांडों के अनुसंधान एवं अग्रतर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन हेतु श्री राजेश कुमार पुलिस अधीक्षक, आर्थिक अपराध इकाई, बिहार पटना के नेतृत्व में पुलिस उपाधीक्षक / पुलिस निरीक्षक कोटि के पदाधिकारीयों को सम्मिलित करते हुए एक 09 सदस्यीय रक्ळ का गठन किया गया है। यह टीम उपरोक्त कांडों के अनुसंधान में सहयोग, वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन आदि कार्य करेगी साथ ही परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामलों में शामिल सिडिकेट के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाई करेगी। इस रक्ळ में सहयोग हेतु विशेष कार्य बल एवं साइबर सुरक्षा इकाई के अनुभवी पदाधिकारियों के प्रतिनियुक्ति के संबंध में भी वरीय स्तर पर अनुरोध किया गया है। पुलिस उप-महानिरीक्षक गठित रक्ळ के कार्यो की समीक्षा करेगें। आर्थिक अपराध इकाई प्रतियोगी परीक्षाओं के कदाचारमुक्त संचालन हेतु कृतसंकल्पित है।

## एक नजर

### बिहार में लागू हुआ पीएम जन विकास कार्यक्रम, राज्य के अल्पसंख्यक इलाकों की बदल जाएगी सूरत

**पटना।** चालू वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम का विस्तार बिहार के सभी 38 जिलों तक कर दिया गया है। अब तक यह योजना राज्य के केवल 20 जिलों में ही लागू थी। योजना के विस्तार से अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। इस संबंध में केंद्र सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को पत्र भेजकर जानकारी दी है। विभाग के सचिव मो. सोहैल के अनुसार, इस योजना के तहत अल्पसंख्यक क्षेत्रों में स्कूल भवन, सद्भाव मंडप, स्वास्थ्य उपकेंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न बुनियादी सुविधाओं का निर्माण कराया जाता है। उन्होंने बताया कि इन विकास कार्यों का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना है। केंद्र सरकार के अनुसार, अब तक इस योजना के तहत 20 जिलों के 75 प्रखंडों और 8 शहरी क्षेत्रों में व्यापक विकास कार्य किए जा रहे थे। इनमें 3 नगर निगम, 7 नगर परिषद और 2 नगर पंचायत शामिल हैं, जहां अल्पसंख्यक आबादी अधिक होने के कारण विशेष विकास पैकेज दिया गया था। योजना के विस्तार के बाद अब पूरे राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय के रहन-सहन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों के लोग भी विकास की मुख्यधारा से जुड़े रहें और उन्हें बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### बेलगाम ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े दो लोगों को रौंदा, मौके पर ही एक की मौत दूसरे की हालत गंभीर

**बेतिया ।** बेतिया के मैनाटांड़ मार्ग पर बकुलहर चौक के पास रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार सीमेंट लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सड़क किनारे खड़े दो लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में पिपरा गांव निवासी 25 वर्षीय मछली विक्रेता भगरासन साह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बकुलहर निवासी मनोज महतो (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गोपालपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल इलाज के लिए बेतिया भेजा गया। इधर, हादसे से गुस्साए मृतक के परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर बांस-बल्ला लगाकर जाम कर दिया। पुलिस के समझाने के बावजूद काफी देर तक जाम जारी रहा। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए चनपटिया और कुमारबाग थाना की पुलिस के साथ क्विक एक्शन टीम को भी बुलाया गया। बाद में अधिकारियों के समझाने पर लोगों ने जाम हटाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया। करीब दो घंटे तक सड़क पर आवागमन बाधित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली बेतिया से मैनाटांड़ की ओर जा रही थी। इसी दौरान बकुलहर चौक के पास चिरैया बाजार में चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और सड़क किनारे मछली बेच रहे भगरासन साह व खरीदारी कर रहे मनोज महतो को अपनी चपेट में ले लिया।

### मोतिहारी: नदी में डूबने से 13 वर्षीय किशोर की मौत, गांव में पसरा मातम

**मोतिहारी।** मोतिहारी के छतौनी थाना क्षेत्र के बड़ा बरियारपुर वार्ड संख्या 43 में रविवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां नदी में डूबने से 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बड़ा बरियारपुर निवासी उमेश यादव के पुत्र अभिषेक उर्फ रंजन प्रकाश के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, अभिषेक अपने तीन साथियों के साथ कररिया मन नदी के किनारे शौच के लिए गया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ में मौजूद अन्य बच्चे घबरा गए और शोर मचाया, लेकिन तब तक अभिषेक पानी में समा चुका था। काफी देर तक खोजबीन के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसका शव नदी से बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही छतौनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार पासवान ने बताया कि बच्चों के शौच के लिए नदी किनारे जाने के दौरान यह हादसा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया है। मृतक की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि उनके पति रोजगार के सिलसिले में तमिलनाडु में रहते हैं और उन्हें घर पहुंचने में अभी कई दिन लगेंगे। बेटे की असमय मौत से पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है। इस घटना के बाद इलाके में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था और जागरूकता बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

### असम की युवती ने वैशाली में रुकवाई प्रेमी की शादी, झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप

**वैशाली।** वैशाली में एक हैरान करने वाला मामला सामने तब आया जब असम की एक युवती अपने प्रेमी की शादी रुकवाने के लिए बिहार पहुंच गई। युवती ने यह आरोप लगाया कि शादी का झांसा देकर सालभर तक प्रेमी उसके साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहा। इस दौरान कई बार शारीरिक संबंध बनाया। लेकिन शादी दूसरी लड़की से करने के फिराक में था, इसलिए वो घर आया हुआ था। पीड़िता ने अपना नाम मीरा तांती बताया वो असम के डिब्रूगढ़ की रहने वाली है। कोयंबटूर के प्राइवेट कंपनी में वह काम करती थी, तभी उसकी मुलाकात वैशाली के चांदपुरा निवासी धीरज से हुई थी। काम करने के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और प्यार हो गया। दोनों एक दूसरे के काफी करीब आ गये। धीरज ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। जब लड़की ने शादी करने की बात कही तो उसे अपने साथ बिहार लाया और यही छोड़कर फरार हो गया।